## कोई भी दिव्यांग रेलवे कंसेशन स्मार्ट कार्ड से न छूटे : सांसद साहू



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिस दिन से आप लोगों ने मुझे सांसद बनने का आशीर्वाद प्रदान किया है उसी दिन से मेरा प्रयास रहा है कि किस तरह दीन दुखियों दिव्यांगों, गरीबों के कैसे काम आ सकूं और निरंतर उनके लिए काम किए जा रहे हैं। सांसद बंटी विवेक साहू ने दिव्यांग जनों के लिए रेलवे कंसेशन स्मार्ट कार्ड बनवाने हेतु आयोजित किए गए दिव्यांगजनों के शिविर को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

सांसद ने कहा कि राजनीति में आने के पीछे उद्देश्य रहा है कि कैसे हम जिले के लोगों की मदद और सहयोग कर सकें। सांसद बनने के बाद निरंतर लोगों के काम किए जा रहे हैं। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिव्यांग जनों के लिए रेलवे के कंसेशन प्रमाण पत्र की सुविधा प्रदान की गई है। हम चाहते हैं कि हमारे छिंदवाड़ा पांढुर्णा जिले के एक भी दिव्यांग साथी नहीं बचना चाहिए जिसे की रेलवे का पास न मिला हो, आने वाले दिनों में बड़ा शिविर लगाकर सभी दिव्यांग जनों को रेलवे के कंसेशन पास प्रदान किए जाएं। सांसद ने कहा कि यहां 5 वर्ष तक शिविर नहीं लगा था, मेरे जीतने के 5 महीने बाद शिविर लगा है जिसमें सभी को फायदा पहुंचाए।

दिव्यांग जनों के लिए रेलवे कंसेशन स्मार्ट कार्ड बनवाने हेतु शिविर मंडल वाणिज्य प्रबंधक दक्षिण पश्चिम मध्य रेलवे नागपुर एवं स्वास्थ्य विभाग जिला छिंदवाड़ा द्वारा आयोजित किया गया है। रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में जिले भर के दिव्यांगजन उपस्थित हुए उन्हें सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा रेलवे कंसेशन स्मार्ट कार्ड वितरित किए गए। शिविर में 1 हजार से अधिक दिव्यांग जनों को रेलवे कंसेशन स्मार्ट कार्ड वितरित किए गए।

## सीईओ की कलेक्टर से शिकायत कर दिया धरना आत्मदाह करने की चेतावनी दी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** संजय तिंदोलिया, ग्राम नजरपुर जुन्नारदेव ने प्रेस विज्ञप्ति कर बताया कि उनके द्वारा जनपद पंचायत जुन्नारदेव में पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी के समक्ष कुल 19 बार प्रथम अपील प्रस्तुत की परंतु एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने पर भी उन्हे जबाव नहीं मिला है। उन्होनें बताया कि जब उनके द्वारा जनपद पंचायत जुन्नारादेव में 28 अक्टूबर 24 को पत्र प्रस्तुत कर धरना प्रदर्शन व आत्मदाह की सूचना दी तब सी.ई.ओ. को अपना दायित्व याद आया और प्रथम अपील का निराकरण करने का प्रयास किया बावजूद लोक सूचना अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही नहीं की।

श्री तिंदोलिया के अनुसार वर्तमान पदस्थ सी.ई.ओ. का लोक सूचना अधिकारी को खुला संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते वे जान बूझकर उसके विरूद्ध कार्यवाही नहीं करना चाहते। जबकि आवेदक ने 30 दिवस के भीतर लोक सूचना अधिकारी के विरूद्ध कार्यवही करने निवेदन किया गया परंतु सी.ई.ओ. ने कोई कार्यवाही नहीं की। जबकि लोक सूचना अधिकारी को आवेदक द्वारा चाही गई जानकारी की 30 दिवस के भीतर जानकारी उपलब्ध कराई जानी चाहिये थी, परंतु सी.ई.ओ. के संरक्षण के चलते आज एक वर्ष से अधिक की समयावधि बीत जाने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की न ही आवेदक को कोई जानकारी प्राप्त हुई है ।

पीड़ित ने कलेक्टर को आवेदन देकर पूछा कि यदि समय सीमा में न्याय प्राप्त होता है तो न्याय कहलाता है पर यदि 1 वर्ष बाद न्याय किया जाये तो वह न्याय नहीं आवेदक के साथ अन्याय है और वर्तमान में पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जान बूझकर अपनी हठधर्मिता के चलते अपने चहेते लोक सूचना अधिकारी को बचाने के लिये आवेदक को आर्थिक, मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं, जो कि न्यायोचित नहीं है। उन्होनें कलेक्टर को आवेदन देकर कार्यपालन अधिकारी जुन्नारदेव के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की और न्याय नहीं मिलने की स्थिति में धरना आंदोलन, आत्मदाह की चेतावनी दी है। अब देखना होगा प्रशासन पीड़ित को न्याय दिलाने के लिये क्या कार्यवाही करता है।

## रक्तदान कर एचआईवी एड्स के प्रति किया जागरूक



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** एचआईवी, एड्स जागरूक के लिए राह फाउण्डेषन छिंदवा?ा के माध्यम से जिला अस्पताल में एक जागरूकता कार्यक्रम रखा गया जिसमें शामिल लगभग 80 से 100 लोगों को विष्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में एड्स से संबंधित जानकारी प्रदान की गई एचण्आईण्व्हीणए एड्स होने के कारण और उनसे बचने के तरीकों को बताया गया। साथ ही एचण्आईण्व्हीणए एड्स की टेस्टिं क्यों जरूरी हैं समझाते हुए उचित परामर्ष लेने की सलाह दी गई एवं राह फाउण्डेषन की पदाधिकारियों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राह फाउण्डेषन की संचालक यास्मिन कुरैषीए अध्यक्ष शालू सहारेए और सहिरा कुरैषीए दुर्गा कुमरेए अर्पणा उईकेए तन्नु खानए रजनी डोंगरेए सोनु सोनी आदि कार्यकर्ताओं उपस्थित ही।

### सार-समाचार

## पोला ग्राउंड में 13 से 20 दिसंबर तक होगी संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण कथा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सामाजिक धार्मिक क्षेत्र में अग्रणी कार्य करने वाली संस्था सेवा संकल्प वेलफेयर सोसायटी द्वारा सार्वजनिक संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जाना है। संकल्प सोसायटी के वरिष्ठ मार्गदर्शक संदीप अग्निहोत्री, इमरतलाल चक्रवर्ती ने बताया की शहर के हृदय स्थल दशहरा मैदान (पोला ग्राउंड) में आगामी 13 से 20 दिसंबर तक आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण कथा में श्रीधाम वृन्दावन मथुरा के अंतरराष्ट्रीय भागवताचार्य परम श्रद्धेय पंडित वेद बिहारी महाराज के मुखारबिंद से संगीतमय श्रीमद भागवत कथा गंगा प्रवाहित होगी। जिसके अंतर्गत प्रतिदिन जिले के धर्मप्रेमी बंधु, माताएं बहने भगवान की विभिन्न लीलाओं का श्रवनपान करेंगे। आयोजन के प्रथम दिन भव्य कलश शोभायात्रा होगी। वहीं महापुराण के अंतिम दिन हवन-पूजन संस्कार के पश्चात विशाल महाप्रसाद तथा भंडारे का आयोजन किया गया है।

आयोजन समिति की सुश्री आराधना शुक्ला, श्रीमती भावना बनारसे ने बताया कि 13 तारीख को भव्य कलश यात्रा लक्ष्मीनारायण मंदिर टाउन हाल से सुबह 11 बजे निकलेगी जो मेन रोड होते हुए कथा स्थल पहुंचेगी जिसमें सभी भक्तगण सम्मिलित होगे । छिंदवाड़ा जिले की मंगलकामना के लिए आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण में जिलेवासी भी यजमान बन पुण्य लाभ अर्जित कर सकते हैं। यजमान बनने के लिए संकल्प वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों से संपर्क कर सकते है। आयोजकों द्वारा जिले के समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से आग्रह है इस पुण्य कार्य में सहभागी बनकर धर्म लाभ पुण्य लाभ अर्जित करे ।

## सर्दी, खासी, बुखार के मरीज बढ़े

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** इन दिनों जिला चिकित्सालय की ओपीडी में सर्दी, खासी, बुखार के मरीजों की अच्छी खासी संख्या देखी जा रही है इसका कारण बीते दिनों से बढ़ी हुई ठण्ड को बताया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने भी एडवायजरी जारी कर ठण्ड से बचने की सलाह जनता को दी है तथा कहा है कि गरम कपड़े पहने, कान को ठक कर रखें, पैरों में मोजे पहने और ठण्ड से बचे।

## व्यवसायिक ट्रेड के छात्र-छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली के कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक ट्रेड के विद्यार्थियों ने लोक शिक्षण संचनालय समग्र शिक्षा नवीन व्यावसायिक शिक्षा योजना अंतर्गत टू ट्वेन्टी केवी पावर स्टेशन खैरी का औद्योगिक भ्रमण किया ।

इस भ्रमण में विद्यार्थियों को पावर स्टेशन में उपलब्ध विद्युत उपकरण, विद्युत संयंत्र, बैटरी रूम, कंट्रोल रूम, चार्ज रूम, प्रत्यावर्ती एवं दिष्ट धारा, मोटर डायनेमो, विभिन्न प्रकार के कंट्रोल पैनल, मोटर स्टार्टर, ग्रामवार विद्युत लोड इत्यादि विद्युत ट्रेड से संबंधित विभिन्न जानकारी दी गई। पावर स्टेशन में पदस्थ प्रभारी इंजीनियर हेमंत मालवीय तथा उनके स्टाफ द्वारा उपस्थित समस्त व्यावसायिक छात्रों को केंद्र में संबंधित समस्त जानकारी, कार्यशाला परिसर का भ्रमण, छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान, भविष्य में इन की उपयोगिता, साथ ही ऑन द जॉब ट्रेनिंग संबंधित व्याख्यान दिया गया। उनके द्वारा विद्युत संयंत्रों, विभिन्न मशीनों का निर्माण एवं उनकी कार्य विधि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण में व्यवसायिक शिक्षक सरफराज मोहम्मद एवं दिनेश गर्ग के साथ विद्यालय की शिक्षिका शिखा श्रीवास्तव एवम सत्यम ताम्रकार ने सहयोग प्रदान किया। यह औद्योगिक भ्रमण जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर के मार्गदर्शन एवं उत्कृष्ट विद्यालय चीचली के प्राचार्य भूपेश ठाकुर एवं व्यावसायिक प्रभारी सत्यम ताम्रकार के निर्देशन में संपन्न हुआ।

## छात्राओं ने संभाग स्तर पर लहराया परचम

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस संभाग स्तर पर जबलपुर मे आयोजित विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिता अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय चीचली की छात्राओं श्रेया शुक्ला, स्वाती ताम्रकार, खुशी विश्वकर्मा, हर्षिता चौरसिया ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लोक संगीत विद्या में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य भूपेश ठाकुर, भारत ताम्रकार, सत्यम ताम्रकार, हेमंत शुक्ला, केआर रजक सहित सभी शाला परिवार ने प्रसन्नता जताई है । इन छात्राओं ने शिक्षक विनीत नामदेव, रजनी सराठे, सुलेखा शर्मा के मार्गदर्शन में यह स्थान प्राप्त किया। अब यह चयनित छात्राएं राज्य स्तर पर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## तेली पिछड़ा वैश्य महासभा के जिला अध्यक्ष बने सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू पिता भैयालाल साहू को तेली पिछड़ा वैश्य महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार एवं नमो-नमो मोर्चा के राष्ट्रीय संरक्षक पुरूषोत्तम साहू की अनुसंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.के. शाहवाल ने जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। नमो नमो मोर्चा से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बड़े भाई सोम भाई मोदी जुड़े हैं जो समाजिक सेवा कार्य करते है।



श्री साहू को उनके जनहितैषी सेवा कार्य जिसमे संत श्री आशाराम बापू द्वारा प्रेरित श्री योग वेदांत सेवा समिति के माध्यम से प्रतिवर्ष दीपावली पर्व पर लाखों आदिवासियों में भंडारा, प्रतिवर्ष गर्मी के दिनों में लाखों लोगों को छाछ वितरण, कोरोना काल मे लाखो लोगो को अनाज विरतण, पर्यावरण संरक्षण हेतु तुलसी पूजन, गीता जयंती प्रतियोगिता, देश मे 67 करो? माता पिता पूजे जाने के साथ जनहित याचिका के माध्यम से लाखों निराश्रित ए निर्धन असहाय लोगो को व्रद्ध आश्रम योजना का लाभ दिलाना ए अंतराष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन में समानित किया जाना,अत्यधिक मतदान के लिए वर्तमान जिला कलेक्टर एव अन्य सेवाओं के सम्मानित करना अदि कार्यो को देखते हुए उन्हें यह नियुक्ति प्रदान की गई है।

## बूथ स्तर पर भी होगा कांग्रेस सेवादल

### राजीव भवन में कांग्रेस सेवादल की बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार कांग्रेस के मार्चा संगठनों में नये सिरे से ऊर्जा का संचार किया जा रहा है। कांग्रेस सेवादल जिला, ब्लॉक व क्षेत्र से निकलकर अब बूथ स्तर पर भी नजर आएगा। बूथ स्तर पर कांग्रेस सेवादल के विस्तार की तैयारी प्रारंभ हो चुकी है।

स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में आज कांग्रेस सेवादल ग्रामीण की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में सेवादल के विस्तार के साथ ही मजबूती प्रदान करने के लिए यह निश्चित किया गया कि सेवादल का गठन प्रत्येक बूथ पर भी किया जाएगा।

आगामी दिवसों में नियुक्तियों को लेकर चर्चा की जाएगी। बूथ स्तर पर कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। जिले के प्रत्येक बूथ पर कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपनी निर्धारित वेशभूषा में नजर आएंगे। कांग्रेस को बूथ पर मजबूत करने में सेवादल की महत्वपूर्ण भूमिका आने




वाले दिनों में दिखाई देगी।

आयोजित बैठक में मुख्य रूप से मोर्चा संगठन के प्रभारी आनंद बक्षी, निगम ग्रामीण ब्लॉक 1 व 2 के पर्यवेक्षक मनीष पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार के द्वारा नगर ग्रामीण के अध्यक्ष प्रमोद टेकड़े, नेपाल कराड़े, डॉ. विजय पुन्हार, संजय विश्वकर्मा, विजय यदुवंशी, पंचम अमरोदे, संजय विश्वकर्मा, शिव कुमार कहार सहित कांग्रेस सेवादल के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष सुरेश कपाले के नेतृत्व में सम्पन्न हुई इस बैठक में आभार प्रदर्शन दीपक वाजपेयी के द्वारा किया गया।

## तीर्थधाम चिदायतन पंचकल्याणक महोत्सव में आज से छिन्दवाड़ा सहित पूरे विश्व से सम्मिलित होंगे जिनशासक सेवक



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अहिंसा के प्रणेता 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान के शासन काल में आध्यात्मिक सतपुरूष गुरुदेवश्री कानजी स्वामी के तत्व प्रभावना योग में पौराणिक नगरी हस्तिनापुर में अति सुंदर एवं मनोहारी श्री दिगंबर जैन शांतिनाथ जिनालय तीर्थधाम चिदायतन का भव्य निर्माण किया गया। जिसका अंतर्राष्ट्रीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आज 1 दिसंबर से प्रारंभ हो रहा है को आगमी 6 दिसंबर तक चलेगा।

महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव में सम्मिलित होकर जिनशासन की मंगल प्रभावना हेतु धर्म नगरी छिंदवाड़ा सहित सम्पूर्ण मध्य प्रदेश एवं भारत के साथ विश्व से हजारों जिनवाणी तत्वरसिक जिनशासन सेवक हस्तिनापुर पहुंच रहे हैं, वें वहां 6 दिनों तक आध्यात्म की गंगा, भक्ति की यमुना एवं सिद्धांत की सरस्वती ऐसी पावन त्रिवेणी में स्नान कर आत्मा से परमात्मा बनने का मार्ग जानेंगे। जिसमें शुद्धता की रुचि गर्भकल्याणक के छह मास पूर्व क्रिया आज 1 दिसंबर को, शुद्धता का श्रद्धान गर्भ कल्याणक 2 दिसंबर को, शुद्धता का उद्गम जन्मकल्याणक 3 दिसंबर को, शुद्धता का आरोहण तपकल्याणक 4 दिसंबर को, शुद्धता की पूर्णता ज्ञानकल्याणक 5 दिसंबर को एवं शुद्धता ही शुद्धता मोक्षकल्याणक महोत्सव 6 दिसंबर को विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनाया जावेगा।

महा सचिव नवनीत जैन ने बताया कि इस महामहोत्सव के प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी अभिनंदन कुमार शास्त्री खनियाधाना रहेंगे, कुशल निर्देशन पंडित रजनीभाई दोशी हिम्मतनगर एवं मंच संचालन पंडित संजयकुमार शास्त्री जेबर कोटा द्वारा किया जावेगा। जिनके साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विद्वानों के श्रीमुख से मां जिनवाणी का रसास्वादन करने का सौभाग्य महोत्सव में पधारे सभी भव्य जीवों को प्राप्त होगा।

सचिव स्वनिल जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव को यादगार एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए महोत्सव समिति का गठन किया

## श्रमदान कर बोरी बंधान किया और जल संरक्षण का दिया संदेश



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आदर्श ग्राम की परिकल्पना को साकार करने हेतु जिले मे कार्यक्रमों के माध्यम से चिन्हित ग्रामों मे जन जागरूकता हेतू कार्य किए जा रहे है। इसी क्रम में परिषद छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशन एवं परामर्शदाता विनोद तिवारी, लता नागले, तृप्ति सिंह, आशीष साहू, जय प्रकाश सूर्यवंशी एवं नवांकुर संस्था नारी उत्थान समिति प्रमुख सोनम अहिरवार, हेमंत डेहरिया के मार्गदर्शन मे छिंदवाड़ा विकास खंड के ग्राम घाट परासिया के बाघ देव के पास नदी मे श्रमदान से बोरी बंधान किया एवं ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश दिया। जल संरक्षण हेतू किए गए श्रमदान से घाट परासिया के इस क्षेत्र मे पशुओं, पक्षियों, वानप्रणियों के लिए पानी की सुलभता कई दिनों तक बने रहेगी। साथ ही कार्यक्रम में सम्मिलित ग्रामीणों मे जल संरक्षण की समझ विकसित हुई है।

आज के इस कार्यक्रम मे नवांकुर संस्था, नारी उत्थान समिति के पदाधिकारी, सदस्य , ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति घाट परासिया के पदाधिकारी, सदस्य, बी.एस.डब्ल्यू., एम.एस.डब्ल्यू. के छात्र/छात्राओं में रेणुका उपासनी, कृतिका विश्वकर्मा, अंशिका रघुवंशी, सुनीता, प्रीति, संध्या, सपना, शिवांगी वानखेड़े, बबीता, किरण, वंदना, आरती, संध्या वासनिक, रीना, पवित्रा, सपना परतेती, विशाखा, रितिका, शीतल, चितेश डहेरिया, कामेश, विक्की, प्रदीप, राजाराम, अंकुश, गुनेंद्र, सन्नी, निहाल कृष्ण मिश्रा एवं ग्रामीण जनों ने विशेष सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर उपस्थितजनों को इस रोके गए पानी की उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी गई।

## मेरी जिम्मेदारी है कि आपके गांव पहुंचकर आपकी परेशानी दूर करने का प्रयास करूं : सांसद विवेक साहू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मेरा गांव मेरा सांसद अभियान के तहत सांसद बंटी विवेक साहू ग्राम हीराबाड़ी पहुंचे और ग्रामीणों से रूबरू हुए उनकी समस्या जानी और उन्हें निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कहा कि पहले ऐसे सांसद थे जिनसे मिलने के लिए आम जनता को महीनों इंतजार करना पड़ता था मिलते भी थे तो लाइन लगानी पड़ती थी और धक्का खाते थे जब आपने अपने भाई और बेटे को सांसद बनाया तो मेरी जिम्मेदारी है कि मैं आपके बीच पहुंचकर आपकी परेशानी सुनकर उसको दूर करने का प्रयास करूं ।

सांसद ने कहा कि मेरी प्राथमिकता में शिक्षा और स्वास्थ्य है और दोनों क्षेत्रों में अच्छे काम हो रहे हैं। और इसी कड़ी में गांव गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाऐं जा रहे है ताकि लोगों का उचित ईलाह हो सके।

मेरा गांव मेरा सांसद अभियान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष अरविंद सूर्यवंशी, महापौर विक्रम आहके, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजू नरोटे, अजय सक्सेना, रिजवान कुरैशी, सुरेश साहू, चंद्रकुमार (चंदू जैन) एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



# संजय निंकुंज नर्सरी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप

## मनरेगा में फर्जी हाजिरी लगा कर किया लाखों का गोलमाल

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** विकासखंड अमरवाड़ा के उद्यानिकी विभाग अंतर्गत संचालित संजय निकुंज नर्सरी में निर्माण कार्य पौधा उत्पादन एवं अधोसंरचना विकास कार्य को लेकर मनरेगा कार्यों में लाखों का भ्रष्टाचार सामने आ रहा है।

विवादों से घिरे रहने के बाद अब मनरेगा में लाखों की फर्जी हाजिरी का रिकॉर्ड खुल गया है, जिसमें ऐसे भी लोग हैं जो अपने ग्राम क्षेत्र में काम कर रहे हैं और नर्सरी से मीलों दूर भी रहते हैं। उनकी हाजिरी प्रतिदिन की नर्सरी से डल रही है। ग्रामीण क्षेत्र की भोली भाली स्व सहायता समूह की महिलाओं को मस्टरोल में डल रही हाजिरी के विषय में भी कोई जानकारी नहीं है। सूत्र तो यह भी बताते हैं कि नर्सरी में पदस्थ अधिकारियों के यह कहीं ना कहीं इनके करीबी है। जिससे उनके खातों में हाजिरी का रुपया पहुंचा है। मध्य प्रदेश सरकार लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए नित नए-नए प्रयास कर रही है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी अमरवाड़ा प्रवास के दौरान लखपति दीदी बनने का आश्वासन समूह की महिलाओं को दिया था परंतु जिम्मेदार अधिकारी केंद्रीय मंत्री के दावों की पोल खोलते नजर आ रहें है। अधिकारियों की अफ़सर शाही पूरी तरीके से महिला समूह पर हावी है। अपने ही मनमाने ढंग के हिसाब से संजय निकुंज नर्सरी का संचालन किया जा रहा है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि संजय निकुंज नर्सरी लाखों की फर्जी हाजिरी से पूरी तरीके से हरी-भरी हो गई है।




सूत्र बताते है कि उद्यान अधीक्षक की उनके जिला कार्यालय के कुछेक बाबुओं से अच्छी साठगांठ है। जिससे पूर्व में भी मामले उठने के बाद भी शिकायतों में मिट्टी डालने का प्रयास उक्त बाबूओं द्वारा किया जाता रहा है। ऐसे में जिले के संवेदनशील कलेक्टर शीलेंद्र सिंह से बारीकी से जांच और कड़ी कार्यवाही की मांग की गई है।

### बाराहीरा के सेल्समैन सहित कई फर्जी हाजरी डलने पर बना संशय

संजय निकुंज नर्सरी के मनरेगा एप के मस्टरोल में देखा जाए तो अमरवाड़ा सहकारिता विभाग अंतर्गत बाराहीरा की राशन दुकान के सेल्समैन गोपाल की प्रति सप्ताह मनरेगा की राशि खाते में पहुंची है। इसके अलावा भूरी बाई बिनेकी, रोशनी पीपरपानी, माधुरी, भोलाराम चुरका सहित और भी अन्य के खातों में राशि पहुंचना जबकि यह सब नर्सरी से 30 कि.मी. के आसपास दूर निवास करते हैं। तो वह प्रतिदिन कैसे नर्सरी काम करने पहुंच रहे हैं, जिससे फर्जी हाजिरी डलना संदिग्ध सा प्रतीत हो रहा है। ऐसे में बारीकी से जांच की मांग महिला समूह द्वारा की गई है।

### इनका कहना है

आरोप निराधार है, गोपाल अपना जॉब कार्ड लेकर हमारे पास आया था। जिसके कारण हमने दैनिक मजदूरी का काम दिया। बाकी वह क्या कार्य करता है, हमें नहीं पता। हम सिर्फ जॉब कार्ड देखते हैं।

**दीपशिखा विश्वकर्मा,**
उद्यान अधीक्षक

मुझे पैसे डालने की कोई जानकारी नहीं है, उन्होंने कैसे मेरे खाते में मजदूरी की राशि डाले। आप उनसे ही

**गोपाल डहरिया,**
सेल्समैन

हमें इन दैनिक मजदूरी हाजिरी डालने की कोई जानकारी नहीं है। ये जो आपने नाम बताए हम इन्हें नहीं जानते। मैडम जी से जानकारी लीजिए।

**विनीता डहरिया,**
अध्यक्ष उन्नति स्व सहायता समूह

# पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए सांसद



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ का जिला वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के सांसद विवेक बंटी साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि गौ सेवा करने से विभिन्न प्रकार से रोगों से मुक्ति मिलती है एवं गो-पूजन से व्यक्तियों को आत्मिक शांति की अनुभूति होती हैं क्योंकि गो-माता में 33 करोड़ देवी देवताओं का निवास होता है इसलिए उन्होंने सभी से गोवंश पालन एवं उनके संरक्षण के लिए सभी से आह्वान किया साथ ही सांसद ने सेवा निवृत्त वरिष्ठ सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकुमार जैन प्रांत गो सेवा प्रमुख, महाकौशल प्रांत आर.एस.एस. से बी.एस. वर्मा प्रांतीय अध्यक्ष मध्य प्रदेश सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ भोपाल ए पशु पालन एवं डेयरी विभाग उप संचालक डॉ. एच.जी.एस पक्षवार एवं जिले के समस्त सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी गण उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### इकलेहरा की नहीं खुल रही राशन दुकान, उपभोक्ता परेशान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रगति स्व सहायता समुह जिन्हें राशन दुकान आवटीत किया गया महिने की अंतिम दिन नहीं खुलते राशन धारी हितग्राही होते हैं। परेशान ग्राम पंचायत इकलेरा में के अंतर्गत 10 से 20 वाट तक की राशन दुकान शासन के नियम अनुसर महीने के अंतिम दो दिन खोलना अनिवार्य होता है परंतु इकलेरा राशन दुकान में अनिमित्ताएं हो राही है राशन धारी हितग्रही मांह के अंत में अपना राशन लेने आते हैं, दुकान बंद मिल रही है राशन कार्डधारी बताते हैं कि प्रगति स्व सहायता समुह दुकान स्वयं संचालन ना करते हुए उनके द्वार दूसरे व्यक्तियों को दुकान संचालन हेतु दे दी गई है

### अब पार्टी किसी भी दशा में गुटबाजी को बर्दाश्त नहीं करेगी : हेमंत खंडेलवाल



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व 2024 के द्वितीय चरण को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, छिंदवाड़ा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव एवं सांसद बंटी विवेक साहू की उपस्थिति में जिला भाजपा कार्यालय छिंदवाड़ा में जिला पदाधिकारियों एवं मंडल पदाधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। संगठन पर्व की कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि अब संगठन पर्व 2024 का दूसरा चरण प्रारंभ हो गया है।

उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में प्राथमिक सदस्य बनाए गए और इस प्रथम चरण में छिंदवाड़ा प्रदेश में आदर्श जिले के रूप में उभरकर सामने आया। श्री खंडेलवाल ने बताया कि छिंदवाड़ा जिले के कार्यकर्ताओं ने 4 लाख से ज्यादा प्राथमिक सदस्य बनाए हैं। उन्होंने बताया कि छिंदवाड़ा जिले के 1462 बूथों में से 1300 बूथों में बूथ समितियां गठित की जा चुकीं हैं, जो कि 90 प्रतिशत के लगभग है। जिला निर्वाचन अधिकारी हेमंत खंडेलवाल ने बताया कि बूथ समितियों को लेकर पार्टी की कुछ अपेक्षाएं हैं जिनमें प्रमुख रूप से बूथ अध्यक्ष सक्रिय होना चाहिए और उसका बूथ पर सम्मान भी हो साथ है वो मिलनसार हो एवं पार्टी के लिए समय भी दे सके और सबसे महत्वपूर्ण है कि वो पिछले तीन साल से पार्टी में सक्रिय भूमिका में रहा हो। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार बूथ के अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों के लिए भी पार्टी की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि बूथ समिति के गठन में विशेष बात यह ध्यान रखना है कि समिति में 3 महिलाओं को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा साथ ही बूथ के अंतर्गत निवास करने वाले सभी समाजों को अनिवार्य रूप से प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी गुटबाजी को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा पार्टी प्रत्येक कार्यकर्ता की क्षमता और उपयोगिता का ध्यान रखती है। उन्होंने कहा कि मैं अपेक्षा करता हूं कि छिंदवाड़ा जिला पूरे प्रदेश के लिए आदर्श बने इसके लिए हम कार्य करेंगे।

### महिला जागरुकता संबंधी काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा में कल 30 नवम्बर 2024 प्राचार्य डॉ. अस्मिता मुंजे के निंदेशन में एवं शासन के पत्रानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु जागरुकता अभियान गतिविधियां हम होंगे कामयाब पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तगर्त संवाद कार्यक्रम एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी पूनम उसरेठे ने छात्राओं को शैक्षणिक संस्थान व समुदाय में घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीडन (रोकथाम निषेध और निवारण) अधिनियम 2013, पास्को एक्ट (यौन अपराध से बच्चों का निवारण) अधिनियम 2012, भारतीय न्याय संहिता 2023 और पीड़ित मुआवजे के संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत विशेष अधिकारों के बारे में छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी। इसी कम में छात्राओं के लिये महिला जागरूकता संबंधी काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें बड़े उत्साह से छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित हुई।

# ट्रैक्टर ट्रॉली से गिरी अनाज की बोरियां, जानमाल की हानि नहीं



**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** थाना अमरवाड़ा के अंतर्गत भुमका घाटी में शुक्रवार दोपहर छिंदवाड़ा से अमरवाड़ा की तरफ जा रही कार और अमरवाड़ा से ट्रैक्टर ट्राली में मक्का लेकर छिंदवाड़ा आ रहा ट्राली का हब टूट जाने से अनियंत्रित हुई ट्राली कार से टकरा गई। इस घटना से ट्राली में रखी मक्के की बोरियां कार पर जा गिरी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि इस हादसे में हताहत होने की कोई खबर नहीं है। मामले में कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा तदुपरांत घटना की सूचना मिलते ही अमरवाड़ा थाना से पुलिस बल ने पहुंचकर वाहनों को अलग कराकर यातायात बहाल कराया। बहरहाल गति नियंत्रित होने से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ अन्यथा जान माल की क्षति हो सकती थी।

## सांसद ने चार लोगों को दी आर्थिक सहायता

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बिमारी के इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। विगत दिनों चारो हितग्राहियों ने सांसद श्री साहू से मुलाकात कर बिमारी हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए निवेदन किया था। जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित स्वेच्छानुदान मत से सहायता राशि उपलब्ध कराने के लिए आग्रह किया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी उक्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए चारो हितग्राहियों को आर्थिक सहायता स्वीकृत कर दी है। जिसमें सविता पति राजू मोहबे, संध्या पति दिनेश कुड़ापे, विशाल पिता बाबूलाल बुनकर समकुरिया मर्सकोले शामिल है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उमरेठ ने सौंपा ज्ञापन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज शनिवार को क्षेत्रीय विधायक सोहन बाल्मीक, जनपद अध्यक्ष आशा आम्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य पूनम उइके, जनपद पंचायत सदस्य राधा साहू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद सूर्यवंशी के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानकलाल बेलवंशी ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ उमरेठ ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर में रैली निकाल कर तहसील पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए तहसील क्षेत्र में हो रही अघोषित विद्युत कटौती को बंद कर किसानों को ठण्ड के दिनों में दिन के समय में 12 घंटे बिजली उपलब्ध कराए जाने, बाजार में बिक रही नकली खाद यूरिया डीएपी को बंद किये जाने, अधिक दाम पर बेची जा रही खाद की कालाबाजारी बंद कर पूर्व में बनाई गई व्यवस्था सोसायटी द्वारा खाद का वितरण कराये जाने, विद्युत विभाग द्वारा किसानों में सिंचाई के लिये लगी मोटर को नाप कर अत्यधिक एचपी निकली जा रही है एवं जरूरत से ज्यादा के बिल थमाये जा रहे हैं को बंद करने, विद्युत विभाग द्वारा बंद पड़े ट्रांसफार्मर को 8 से 10 दिन बाद सुधारा जाता है 24 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर सुधार कर किसानों को सुचारू रूप से बिजली उपलब्ध कराने, उमरेठ-पोआमा निर्माणाधीन मार्ग 2 वर्षों से खोदकर अधूरा पड़ा है जिसमें बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं वाहनों की आवाज़ाही से धूल का बवंडर उठ रहा है दुर्घटनाएं हो रही है इस सड़क का निर्माण अतिशीघ्र पूर्ण कराये जाने की मांगों को लेकर ज्ञापन सौपते हुये शीघ्र अतिशीघ्र मांगों को पूरा किये जाने की मांग रखी और कहा गया की अगर शीघ्र मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा उग्र धरना प्रदर्शन आंदोलन करेंगे।

# कृषि सिंचाई योजना में कम लागत में संतरे की खेती हुई आसान



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नवीन तकनीकों के समावेश ने खेती को लाभ का व्यवसाय बना दिया है। शासकीय योजनाऐं कृषकों को रियायती दर में सब्सिड़ी के साथ तकनीकी के विभिन्न नवीन साधन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इससे छोटे एवं सीमांत किसान भी लाभान्वित होकर खेती को लाभ का व्यवसाय बनाकर उन्नतशील किसान बनते जा रहे हैं। पांढुर्णा जिले के ग्राम खेड़ीकला के कृषक सुभाष काकड़े भी कृषि सिंचाई योजना का लाभ लेकर अब कम लागत में आसानी से संतरे की खेती कर उन्नतशील कृषक बन गए हैं। उनकी आय में लाखों की बढ़ोत्तरी हुई है।

### नवीन तकनीकी अपनाकर सुभाष काकड़ बने उन्नतशील किसान

कृषक सुभाष काकड़े के पास कुल 2.40 हेक्टेयर जमीन है, जिसमें पहले वे 1.0 हेक्टर में संतरा की ड्रिप रहित फसल किया करते थे। बिना ड्रिप के मेहनत, मजदूरी भी ज्यादा लगती थी और अपेक्षित उत्पादन भी प्राप्त नहीं होता था। लेकिन उद्यानिकी विभाग के संपर्क में आकर उन्हें प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाय) के बारे में पता चला और विभाग के सहयोग से उन्हें आसानी से इसका लाभ प्राप्त हुआ। इस योजना से उन्हें ड्रिप सिंचाई सिस्टम लगाने के लिए सहायता मिली।

ड्रिप सिंचाई सिस्टम लगाने के बाद कृषक सुभाष की खेती में क्रांतिकारी बदलाव आया। पहले जहां उन्हें फसलों को पानी देने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती थी, वहीं अब ड्रिप सिंचाई सिस्टम ने इस काम को काफी आसान बना दिया। पानी की बर्बादी भी बहुत कम हुई और फसलों को पर्याप्त पानी मिलने लगा। न सिर्फ पानी की बचत हुई, बल्कि खाद और कीटनाशकों का उपयोग भी कम हुआ। इससे सुभाष की खेती की लागत में काफी कमी आई।

पहले जहां उन्हें मजदूरों को ज्यादा पैसे देने पड़ते थे, वहीं अब मजदूरी का खर्च भी कम हो गया। संतरे की खेती से सुभाष की आय में भी काफी बढ़ोतरी हुई। योजना से लाभान्वित होने के पूर्व उन्हें 200 क्विंटल संतरे का उत्पादन प्राप्त होता था, जो बढ़कर प्रथम वर्ष में ही 270 क्विंटल प्रति हैक्टेयर हो गया। पहले उनकी सालाना आय लगभग 3,60,000 रुपये थी, जो अब बढ़कर 5,48,000 रुपये हो गई है। इस अतिरिक्त आय का उपयोग कृषक सुभाष अपनी खेती, बगीचे के विस्तार और कृषि आधुनिकीकरण के लिए कर रहे हैं। कृषक सुभाष इस सफलता के लिए उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। उनका कहना है कि विभाग की ओर से मिली सहायता और मार्गदर्शन के बिना यह सब संभव नहीं होता। कृषक सुभाष अब अन्य किसानों को भी ड्रिप सिंचाई सिस्टम और खेती के नवीन यंत्रों का उपयोग करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# विश्व दिव्यांग दिवस के पर तीन दिसम्बर को ओलम्पिक ग्राउंड में होंगी विविध गतिविधियां

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में विगत दिवस कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला लोकल लेवल कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि आगामी 3 दिसंबर 2024 को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिले के ओलंपिक ग्राउंड में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में खेलकूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के लिए सहभागी विभागों के दायित्व तय किए गए हैं, जिसमें सभी विभाग अपने-अपने क्षेत्र के कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न करने की जिम्मेदारी निभाएंगे।

बैठक के दौरान जिले के 9 बौद्धिक दिव्यांगजनों के अभिभावकों को राष्ट्रीय न्यास अधिनियम- 1999 की धारा 14 के तहत लीगल गार्जियनशिप प्रदान की गई। इस प्रमाणपत्र के माध्यम से दिव्यांगजनों की संपत्ति और सुरक्षा सुनिश्चित होगी। साथ ही उनके साथ किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार को रोका जा सकेगा। बैठक में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के लिए भूमि चिन्हित करने, लीगल गार्जियनशिप के हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन करने और दिव्यांगजनों के पुनर्वास व सशक्तिकरण की योजनाओं पर चर्चा की गई।

बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार, उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग पी. राजोदियाए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.के. शास्त्री, सिविल सर्जन डॉ. नरेश गोन्नाडे, वरिष्ठ अधिवक्ता व्ही.डी. मथुरिया, क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. नम्रता सूर्यवंशी सहित अन्य अधिकारी व दिव्यांग प्रतिनिधि उपस्थित थे।



**छिंदवाड़ा : जिला लोकल लेवल कमेटी की बैठक में शनिवार को नौ दिव्यांगजनों के अभिभावकों को मिली लीगल गार्जियनशिप।**

## एसडीएम ने किया पंच कल्याणक के कार्य का निरीक्षण

**मोहखेड़, देशबन्धु।** कल गुरुवार को छिंदवाड़ा एस.डी.एम. सुधीर जैन ने जैन मंदिर मोहखेड़ में 15 फरवरी 2025 से 19 फरवरी तक होने वाले पंचकल्याणक महोत्सव के कार्य स्थलए आवास स्थल, नविन जैन मंदिर का निरक्षण किया एवं मुनि श्री के विहार की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासियों के साथ मिलकर कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान हो ऐसे अभिलाषा प्रकट की इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कृष्णा डिगरसे, भाजपा मंडल अध्यक्ष सदन साहू, पूर्व जनपद सदस्य मनोज साहू , नीलेश जैन, ऋषभ जैन, नरेश जैन, बबन जैन कार्यस्थल पर उपस्थित थे। निरीक्षण उपरांत मेन रोड मोहखेड़ पेट्रोल पंप के बाजू में कार्यस्थल का निरक्षण किया गया।

## स्वच्छता की पाठशाला में निबंध व ड्रॉइंग कम्पटीशन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के आयुक्त के निर्देशानुसार निगम की स्वच्छता टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 47 के सनरेस पब्लिक स्कूल में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा निबंध लेखन व ड्रॉइंग प्रतियोगिता में भाग लिया गया और छात्र-छात्राओं को 4 प्रकार का कचरा गीला, सूखा, घरेलु हानिकारक, सेनेटरी वेस्ट के बारे में समझाइश दी गई।